भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4002**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**ओडिशा में सड़क सुरक्षा संपरीक्षा**

4002. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ओडिशा में विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की बढ़ती संख्या से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वित्तीय वर्षों, अर्थात 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान ओडिशा में किए गए सड़क सुरक्षा संपरीक्षा का ब्यौरा क्या है और चिह्नित खतरों से निपटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सड़क सुरक्षा सुधार पहल, जैसे साइनेज, क्रैश बैरियर और पैदल यात्री क्रॉसिंग को बनाने के लिए कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) क्या सरकार ने ओडिशा में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) केंद्र सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर "भारत में सड़क दुर्घटनाएं" पर वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 से 2022 तक ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) सहित सभी श्रेणी की सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है:-

| वर्ष | ओडिशा राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या | | ओडिशा राज्य में सड़क दुर्घटना में मौतों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सभी सड़कों पर | एनएच पर | राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सभी सड़कों पर | एनएच पर |
| 2018 | 11,262 | 4,207 | 5,315 | 1,999 |
| 2019 | 11,064 | 4,148 | 5,333 | 2,000 |
| 2020* | 9,817 | 3,673 | 4,738 | 1,781 |
| 2021* | 10,983 | 4,087 | 5,081 | 1,933 |
| 2022 | 11,663 | 4,317 | 5,467 | 2,043 |

** -कोविड प्रभावित वर्ष*

(ख) और (ग) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव का कार्य सौंपा गया है, जबकि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें राज्य राजमार्गों और अन्य सड़कों के लिए जिम्मेदार हैं। विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षा का विवरण निम्नानुसार है:-

| वित्तीय वर्ष | संचालित सड़क सुरक्षा लेखापरीक्षा (राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई किलोमीटर में) |
|---|---|
| 2021-22 | 2098.00 |
| 2022-23 | 1849.50 |
| 2023-24 | 1996.00 |

स्थल की आवश्यकता के अनुसार अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। अल्पकालिक उपायों में सड़क चिह्नांकन, संकेत, क्रैश बैरियर, उभरे हुए फुटपाथ मार्कर, डेलीनियेटर, मध्य मार्ग को बंद करना, यातायात नियंत्रित करने के उपाय आदि शामिल हैं। दीर्घकालिक सुधार उपायों में सड़क का ज्यामितीय सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का स्पॉट चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि शामिल हैं।

विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:-

| वित्त वर्ष | आवंटित धनराशि (रू. करोड़ में) | उपयोग की गई धनराशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 20.13 | 20.13 |
| 2022-23 | 79.60 | 50.50 |
| 2023-24 | 155.90 | 62.00 |

(घ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सड़क सुरक्षा समर्थन योजना का संचालन करता है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों के संचालन के लिए विभिन्न एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत, सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 से ओडिशा राज्य में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभिन्न संगठनों को 137.69 लाख रुपये की राशि मंजूर की है।

सरकार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाती है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रति वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है।

*****